पुराने ज़माने में उच्च वर्ग के लोग अपने ताकत के बल पर गरीबों का शोषण करते थे
अपना कार्य सिद्ध करते थे। आज ज़माना बदल गया है। अब वे रिश्वत या सिफारिश से और
कानून को अपने वश में कर कार्य सिद्ध कर रहे हैं।

39. "इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसी के लिए रोक नहीं, सिर्फ़ यह बदनसीब
भर सकते।"– यहाँ 'बदनसीब' किसको कहा गया है? ऐसा क्यों कहा गया है?
यहाँ बदनसीब शब्द का प्रयोग निम्न जाति के लोगों के लिए किया गया है। गंगी निम्न जाति की औरत होने के कारण उच्च वर्गीय लोगों के कुएँ से पानी भर न सकती थी। जाति-पाँति या छुआछूत के कारण ऐसा कहा गया है।

40. गांगी के विद्रोही दिल में सामाजिक अन्याय के विरुद्ध क्या-क्या विचार आते हैं?

हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? उच्चवर्ग के ठाकुर, साहू, पंडित सब बड़े-बड़े अन्याय करते हैं लेकिन उनका सब कहीं आदर मिलता है। हम जैसे अछूत असहाय होकर उनके अत्याचार को सहते रहे हैं। इतना अत्याचार करके भी वे लोग बड़े हैं। यह बुरी सामाजिक स्थिति है।

41. 'गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढ़ी। विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था।'- गंगी को ऐसा अनुभव क्यों हुआ होगा?

जाति-प्रथा के कारण निम्नवर्ग की गंगी उच्चवर्ग के ठाकुर के कुएँ से पानी भर न सकती थी। आज वह पहली बार ठाकुर के यहाँ पानी लेने गई। पकड़ जाने के डर से वह दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढ़ी। उच्च-वर्ग के लोगों के घमंड पर विजय पाने का अवसर उसे ज़िंदगी में पहली बार मिला था।

42. 'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा।' - यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मूँह से क्यों की गई है?

ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुख से की गई है। शेर तो भयानक जानवर है। भूखे शेर के सामने पड़े तो बचने की संभावना ही नहीं। लेकिन ठाकुर जैसे लोगों के लिए विशेषकर निम्न जातिवालों से कभी भी कोई सहानुभूति नहीं है। अगर गंगी पकड़ ली गई तो उसे बुरी तरह पीट-पीटकर मार डालेग। इसलिए ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से की गई है।

43. गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी तैयार करें।

सहायक बिंदुएँ-

- पति से असीम प्यार
- साहसी
- मेहनती
- समाजिक असमानता से पीड़ित
- अन्याय के प्रति विद्रोह करने वाली

## छुआछूत का शिकार गंगी

हिंदी कहानी सम्राट प्रेमचंद की 'ठाकुर का कुआँ' नामक कहानी का मुख्य पात्र है गंगी। जोखू उसका पति है। दोनों निम्न जाति के हैं, जाति-प्रथा से त्रस्त समाज के प्रतिनिधि

गंगी गरीब और अनपढ़ औरत है। गंगी और जोखू दोनों छुआछूत के शिकार हैं। अपने बीमार पति के लिए ठाकुर के कुएँ से शुद्ध पानी लाने का साहस गंगी करती है। लेकिन उसे सफलता हासिल नहीं होती। गंगी का विद्रोही मन सामाजिक रीति-रिवाजों के विरुद्ध संघर्ष करती है। वह सोचती है-हम क्यों नीच हैं? उच्च वर्ग ठाकुर, साहू, पंडित सब बड़े-बड़े अन्याय करते हैं लेकिन उनका सब कहीं आदर होता है। हम जैसे अछूत असहाय होकर उनके अत्याचार सहते रहते हैं। इतना अत्याचार करके भी वे लोग बड़े हैं।

इस प्रकार अपने पति के स्वास्थ्य पर चिंतित, जाति प्रथा से घृणा करनेवाली, असमानताओं से निरंतर संघर्ष करनेवाली नारी है गंगी।

44. "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"

जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा-"पानी कहाँ से लाएगी?"

"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"

**'ठाकुर का कुआँ' कहानी के इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।**

### दृश्य-1

स्थान: पुरानी झोंपड़ी।

समय : शाम का समय।

पात्र : जोखू (करीब 40 साल का आदमी, पुरानी धोती में)

गंगी (करीब 35 साल की औरत, फटी-पुरानी साड़ी में)

(बीमार जोखू पानी के लिए तरस रहा है। गंगी भी परेशान है।)

जोखू : गंगी.... थोड़ा पानी...........?

गंगी : यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन–सा जानवर मरा है।

जोखू : बहुत प्यास लग रही है।

गंगी : मैं कुएँ से दूसरा पानी लाए देती हूँ।

(जोखू आश्चर्य से गंगी को देखता है)

जोखू : पानी कहाँ से लाएगी?

गंगी : गाँव में ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं।

जोखू : तो क्या ?

गंगी : क्या एक लोटा पानी भरने न देंगे?

जोखू : हाथ–पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। हम जैसों को वे कुछ भी न देंगे।

45. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। (प्रतिदिन, शाम को)

पानी भर लिया करती थी।
गंगी पानी भर लिया करती थी।
.................................................................।
..............................................................................।

**उत्तर**

पानी भर लिया करती थी।
गंगी पानी भर लिया करती थी।
गंगी शाम को पानी भर लिया करती थी।
गंगी प्रतिदिन शाम को पानी भर लिया करती थी।

46. सही मिलान करें ।

| | | |
|---|---|---|
| कंधा देना | – | ईष्या से जल उठना |
| कलेजा मज़बूत करना | – | सहायता करना |
| छाती पर साँप लोटना | – | हिचकना |
| नानी मरना | – | हिम्मत जुटाना |

**उत्तर**

| | | |
|---|---|---|
| कंधा देना | – | सहायता करना |
| कलेजा मज़बूत करना | – | हिम्मत जुटाना |
| छाती पर साँप लोटना | – | ईष्या से जल उठना |
| नानी मरना | – | हिचकना |

47. **सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।**

- गंगी और जोखू निम्न जाति के हैं ।
- गंगी ने जोखू को बदबूदार पानी पीने न दिया।
- जोखू ने गंगी से ठाकुर के कुएँ से पानी लाने को कहा।
- ठाकुर जैसे उच्च वर्ग के लोग गरीबों का शोषण नहीं करते हैं ।
- गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई।
- गंगी आसानी से ठाकुर के कुएँ से पानी भर सकी ।
- जोखू को मैला गंदा पानी पीना पड़ा।

उत्तर

- गंगी और जोखू निम्न जाति के हैं ।
- गंगी ने जोखू को बदबूदार पानी पीने न दिया।
- गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई।
- जोखू को मैला गंदा पानी पीना पड़ा।

48. **सही मिलान करें।**

पंडित जी के घर में – बेचारे गड़रिए की भेड़ चुरा ली।
ठाकुर ने – घी में तेल मिलाकर बेचता है।
साहूजी – हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?
गंगी सोचती है – बारहों मास जुआ होता है।

**उत्तर**

पंडित जी के घर – बारहों मास जुआ होता है।
ठाकुर ने – बेचारे गड़रिए की भेड़ चुरा ली।
साहू – घी में तेल मिलाकर बेचता है।
गंगी सोचती है – हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?

49. दिसंबर 10 मानवाधिकार दिवस है। जी.वी.एच.एस.एस कणिमंगलम स्कूल सभागृह में "समाज में सभी लोगों को समान अवसर का अधिकार है" विषय पर संगोष्ठी होनेवाला है। इसका उद्घाटन नियम मंत्री करेंगे। इसका आयोजन सुरीली हिंदी सभा करता है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

**जी.वी.एच.एस.एस कणिमंगलम**

**मानवाधिकार दिवस**

तारीख.........................

संगोष्ठी

विषय :..........................................................

उद्घाटन:..........................

समय...................................

स्थान...............................................

आयोजन..........................................................

**–सबका हार्दिक स्वागत**

50. जाति-प्रथा एक सामाजिक अभिशाप है। इसे हमारे समाज से मिटाना है- इसके लि
एक पोस्टर तैयार करें ।

**जाति प्रथा एक सामाजिक अभिशाप है।**

अस्पृश्यता का अंत करें। समता का अधिकार पाएँ।

जाति के नाम पर भेद-भाव कानूनी अपराध है।

चलो, मिटाओ इसे हमेशा के लिए....

# इकाई - 3

## इकाई आकलन

अंक: 20 समय: 45 min

**सूचना: अकाल और उसके बाद' कविता की निम्न पंक्तियाँ पढ़कर नीचे दिए प्रश्न के उत्तर लिखें।**

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर–घर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।'

1. 'अकाल और उसके बाद ' किसकी कविता है? (1)
   (क) नागार्जुन (ख) प्रेमचंद (ग) विनोद कुमार शुक्ल (घ) प्रभात
2. अकाल के बाद अनाज आने से घर के सभी लोगों के साथ जीव जंतुओं की आँखें भी चमक उठी।–यह आशय वाली पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें। (2)
3. कवि एवं कविता का परिचय देते हुए कविता का आशय लिखें। (4)

**सूचना: ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें**

गंगी झुकी कि घड़े को पकड़कर, जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया। शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई। रस्सी के साथ घड़ा धड़ाम से पानी में गिगा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे को आवाज़ें सुनाई देती रहीं। ठ
'कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी।

4. गंगी के हाथ से क्या छूट गयी ? (1)
   (क) घड़ा (ख) गिलास (ग) रस्सी (घ) दरवाज़ा

5. 'गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी।' – गंगी के स्थान पर ठाकुर का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

3. 'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा।' – यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है? (2)

6. जोखू को विवश होकर बदबूदार पानी पीना पड़ा। पानी के खराब होने के कई कारण हैं। पानी खराब होने से बीमारियाँ फैलती हैं इसे रोकना है। जल संरक्षण का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। (3)

**सूचना -' ठाकुर का कुआ ' कहानी का अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें**

> ठाकुर 'कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी।घर पहुँच कर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है।

7. ' मैला–गंदा पानी ' में विशेषण शब्द कौन–सा है? (1)

8. जोखू लौटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है। जोखू के स्थान पर गंगी का प्रयोग कर वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

9. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी के आधार पर जोखू की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी तैयार करें। (4)

**इकाई - 4**
**पाठ - 1**

# बसंत मेरे गाँव का

**लेख**

**मुकेश नौटियाल**

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लि**

1. ' बसंत मेरे गाँव का ' पाठ किस विधा की रचना है?

   क. कहानी   ख. यात्रा विवरण   ग. लेख   घ. संस्मरण

2. फ्योंली फूल किस रंग का है?

   क. लाल   ख. पीला   ग. हरा   घ. बैंगनी

3. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल के बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार कौन–सा है?

   क. होली   ख. दीपावली   ग. फूलदेई   घ. दशहरा

4. सही वाक्य चुनकर लिखें।

   क. बच्चे फूलदेई के जश्न में शामिल होती है।

   ख. बच्चा फूलदेई के जश्न में शामिल होते हैं।

   ग. बच्ची फूलदेई के जश्न में शामिल होता है।

   घ. बच्चे फूलदेई के जश्न में शामिल होते हैं।

5. 'बसंत मेरे गाँव का' लेख किसकी रचना है?

   क. प्रभात   ख. मोहन राकेश   ग. मुकेश नौटियाल   घ. राजेश जोशी

6. फूलदेई त्योहार में बडों की भूमिका क्या है?

   क. बच्चों को सलाह देना   ख. बच्चों को स्वागत करना

   ग. बच्चों को धन्यवाद देना   ग. घरों की देहरियों को सजाना

7. बौराना – का मतलब क्या है?

   क. सबेरा होना   ख. उन्मत्त होना   ग. रात होना   घ. शाम होना

8. पशुचारक गाँववालों की पुरानी वसूली कब करते हैं ?

क. बर्फ़ीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते समय

ख. वर्षा के मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते समय

ग. फूलदेई के त्योहार के समय

घ. चैती गीत गानेवाले औजी आते समय

9. फूलदेई की जश्न में गानेवाला गीत क्या है?

क. उत्तराखंड गीत ख. हिमालय गीत

ग. चैती गीत घ. पाण्डव गीत

10. पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा देनेवाला फूल कौन–सा है?

क. सरसों का फूल ख. फ्योंली का फूल

ग. गेहूँ का फूल घ. बुराँस का फूल

11.पशुचारकों की खुशी का कारण क्या है ?

क. गंगा में पानी की धारा तेज़ है।

ख. महीनों बाद घर लौटने का समय आया है।

ग. सूरज तप रहा है।

घ. बसंत बौराने लगा है।

12. उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में बसंत कब बौराने लगता है?

क. पशुचारकों के वापस आने से

ख. सूरज नंदा पर्वत तक पहुँचने से

ग. चैती गीत गानेवाले औजी गाँव में प्रवेश करने से

घ. सूरज पंचाचूली के पास आने से

**उत्तर**

1. लेख
2. पीला
3. फूलदेई
4. बच्चे फूलदेई के जश्न में शामिल होते हैं।
5. मुकेश नौटियाल
6. बच्चों को सलाह देना
7. उन्मत्त होना
8. बर्फ़ीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते समय
9. चैती गीत
10. बुराँस का फूल
11. महीनों बाद घर लौटने का समय आया है।
12. सूरज नंदा पर्वत तक पहुँचने से

**प्रश्न ध्यान से पढें और उत्तर लिखें।**

13. फूलदेई का त्योहार किस ऋतु में मनाया जाता है?
14. 'इनका'– में निहित सर्वनाम कौन–सा है?
15. चुने गये फूलों को बच्चे कहाँ पर सजाते हैं?
16. फूलदेई त्योहार में बच्चों को दक्षिणा के रूप में क्या–क्या मिलते हैं?
17. बसंत का उत्सव कब समाप्त होता है?
18. बद्रीनाथ और केदारनाथ के मुख्य पुजारी कहाँ से हैं?
19. दक्षिणा में मिली चीज़ों से बच्चे क्या करते हैं?
20. गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है। 'धारा' के स्थान पर 'प्रवाह' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

21. सीढ़ीनुमा खेत–इसमें विशेषण शब्द कौन–सा है?
22. परंपरागत रूप से चैती गीत गानेवाले लोग कौन हैं ?

**उत्तर**

13. वसंत ऋतु
14. ये
15. घरों की देहरियों पर
16. चावल, गुड, दाल आदि
17. फूलदेई की विदाई के साथ
18. दक्षिण भारत से
19. सामूहिक भोज बनाया जाता है।
20. गंगा में पानी का प्रवाह तेज़ हो जाता है।
21. सीढ़ीनुमा
22. औजी

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

23. फूलदेई के त्योहार के सिलसिले में बच्चे पहले क्या करते हैं ?
24. उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई को बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार मानते हैं क्यों ?
25. 'आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ यह लेन–देन चल रहा है।' यहाँ गाँववालों की कौन सी विशेषता प्रकट होती है?
26. चैती गीत के बारे में आप क्या–क्या जानते हैं ?
27. जेठ की शुरूआत पर गाँव में कौन–सा परिवर्तन आता है?
28. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।
    (दोपहरी में, गुनगुनी )

धूप तपाने लगती है।

.............................................

..............................................

बसंत की गुनगुनी धूप दोपहरी में तपाने लगती है ।

**उत्तर**

23. फूलदेई त्यौहार के समय बच्चे देर शाम तक फूल चुनते हैं और रिंगाल की टोकरियों में रखकर पानी से भरी गगरों के ऊपर रखते हैं, ताकि सुबह तक फूल मुरझा न पाएँ। पौ फटते ही बच्चे गाँव भर में घूमकर इन फूलों से घर की देहरियाँ सजाते हैं ।

24. फूलदेई के त्योहार में बच्चों की अहम भूमिका रहती है। बच्चे फूल चुनते हैं, घरों की देहरियों को फूलों से सजाते हैं, दक्षिणा में मिली चावल, गुड़, दाल आदि से सामूहिक भोज बनाते हैं। इसमें बड़ों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित रहती है।

25. गाँववाले और पशुचारकों के बीच सदियों से लेन–देन चल रहा है। वे ईमानदार और निस्स्वार्थ हैं। आपसी विश्वास से यह व्यापार चलता रहता है।

26. चैती गीत उत्तराखंड के लोकगीत है। इन गीतों में पांडवों की हिमालय यात्रा के किस्से होते हैं और पहाड़ के वीरों की शौर्य गाथाएँ भी शामिल होती हैं ।

27. जब जेठ शुरू होता है, तब गाँव के पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। सड़कों पर बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की ओर आनेवाले यात्रियों की भीड़ होती है। घाटी का शांत वातावरण बदल जाता है।

28. धूप तपाने लगती है ।
धूप दोपहर में तपाने लगती है ।
गुनगुनी धूप दोपहरी में तपाने लगती है ।
बसंत की गुनगुनी धूप दोपहरी में तपाने लगती है।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

29. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

क. दक्षिणा में मिली यह सामग्री पूरे इक्कीस दिन तक इकट्ठी की जाती है।

ख. बुराँस के फूल पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा देते हैं।

ग. फूलदेई बडों का त्योहार है।

घ. जेठ के मौसम में गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है।

ड. फूलदेई दस दिन का त्योहार है।

30. सही मिलान करें

| | | |
|---|---|---|
| दो महीने पहले | – | गाड़ियों से भर जाती हैं। |
| घर की छत से | – | घाटी एकदम शांत थी। |
| पहाड़ियों की सड़कें | – | मैं भीड़ देखता हूँ |

31. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।

जेठ शुरू हो जाता है। जेठ शुरू हो जाएगा।

(क) सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। सड़कें गाड़ियों से भर ..............।

(ख) गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है। गंगा में पानी की धारा तेज़ हो .........।

**उत्तर**

29. क. दक्षिणा में मिली यह सामग्री पूरे इक्कीस दिन तक इकट्ठी की जाती है।

ख. बुराँस के फूल पहाड़ों पर शानदार लालिमा बिछा देते हैं।

घ. जेठ के मौसम में गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाती है।

30

| | | |
|---|---|---|
| दो महीने पहले | – | घाटी एकदम शांत थी। |
| घर की छत से | – | मैं भीड़ देखूँगा हूँ |
| पहाड़ियों की सड़कें | – | गाड़ियों से भर जाती हैं। |

31. (क) सड़कें गाड़ियों से भर जाएँगी।

(ख) गंगा में पानी की धारा तेज़ हो जाएगी।

## निम्नलिखित गद्यांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वे जानवरों के साथ-साथ कीड़ाजड़ी, क्रण और चुरु जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी व औषधियाँ भी बेचते हैं। इन गाँवों से इनका सदियों का रिश्ता है, इसलिए उसी वक्त पूरी कीमत चुकाना जरूरी नहीं होता। बर्फ़ीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि नकद-उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते।

32. पशुचारक वापस घर जाते वक्त एक गाँववाले से मिलता है। दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

गाँववाला : कैसे हो भैया?
पशुचारक : ठीक हूँ, क्या हाल है?
गाँववाला : ................................
पशुचारक : हाँ, अभी ठंड तो कम हो गई है। वापस जा रहा हूँ।
गाँववाला : ..................................................
पशुचारक : ..................................................
गाँववाला : भैया, क्या आपके पास हिमालयी औषधियाँ हैं ?
पशुचारक : ..................................................।
गाँववाला : दाम कितना है ?
पशुचारक : ..............................................।
गाँववाला : लो चालीस रुपए। बाकी दस अगले साल।
पशुचारक : ..................................................।

33. 'नकद-उधार के आँकड़े कहीं दर्ज नहीं होते' आपसी विश्वास के आधार पर सादियों चली आ रही इस सिलसिले पर एक रपट तैयार करें।

34. "प्रकृति और मनुष्य के बीच गहरा संबंध है प्रकृति का संरक्षण हमारा कर्तव्य है" उपर्युक्त विषय पर पोस्टर तैयार करें।

35. बंसत फूलदेई का त्योहार लेकर आता हैं दिन शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता हैं। टोकरियों को रात भ

भरी गागरों के ऊपर रख जाता है ताकि वो सुबह तक मुरझा न पाएँ।

फूलदेई त्योहार का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखें।

**उत्तर**

32. गाँववाला : कैसे हो भैया?

पशुचारक : ठीक हूँ, क्या हाल है ?

गाँववाला : क्या बताऊँ? बर्फ था ना।

पशुचारक : हाँ, अभी ठंड तो कम हो गई है। वापस जा रहा हूँ।

गाँववाला : अभी आप लोग कहाँ से आ रहे है ?

पशुचारक : जंगल से।

गाँववाला : भैया, क्या आपके पास हिमालयी औषधियाँ हैं ?

पशुचारक : हाँ भाई। कीड़ाजड़ी है।

गाँववाला : दाम कितना है ?

पशुचारक : तीस रुपए। पुरानी वसूली बीस रुपए हैं।

गाँववाला : लो चालीस रुपए। बाकी दस अगले साल।

पशुचारक : ठीक है भैया, शुक्रिया।

33. **<u>यहाँ नकद –उधार के आँकड़े कहीं दर्ज़ नहीं</u> होता।**

उत्तराखंड: ठंड के मैसम में उत्तराखंड के पशुचारक बर्फ़ीले इलाकों से निचले इलाकों हैं वसंत शुरू होते ही पशुचारक वापस घरों को लौटने लगते हैं रास्ते में आनेवाले गाँवों के लोगों से उनका लेन–देन भी होता है। गाँवों के लोगों से इनका सदियों का रिश्ता है। इसलिए सी वक्त पूरी की मत्युकाना ज़रूरी नहीं है। अगले साल निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि इस नकद–उधार के आंकडे कहीं दर्ज नहीं होते। आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ ये लेन–देन चल रहा है।

34.

प्रकृति देती है जीवन
हम भी करे इसका सम्मान

प्रकृति का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य

बिना प्रकृति के इस दुनिया में जीवन संभव नहीं



35.

स्थान...........

तारीख..........

प्रिय निखिल,

कैसे हो? घर में सब कुशल से है न? मैं रविवार को उत्तराखंड से वापस आया। कई दिनों से सोचता हूँ कि वहाँ के बारें में तुझे लिखूँ।

हमारे ओणम जैसे वहाँ का त्योहार है फूलदेई। यह फूलों का त्योहार है। बच्चे देर शाम तक फूल चुनते हैं। उन्हें बिना मुरझाए सुरक्षित रखते हैं। सबेरे गाँव भर में घूमते हैं। घरों की देहलियों में फूल सजाते हैं। लोग उन्हें चावल, गुड़, दाल आदि दक्षिणा के रूप में देते हैं। 21 दिन तक यह क्रम चलता है। अंतिम दिन इकट्ठी सामग्रियों से सामूहिक भोजन बनाया जाता है। ये सभी कार्य बच्चे ही करते हैं। बड़े लोग केवल उपदेश ही देते हैं। इसलिए यह वहाँ के बच्चों का सबसे प्रिय त्योहार बनता है।

अगली बार तुम भी उत्तराखंड आना। यह एक विशेष अनुभव होगा। माँ-बाप को मेरा प्रणाम।

तुम्हारा मित्र,

(हस्ताक्षर)

हरिदेव

सेवा में

नाम

पता

इकाई - 4
पाठ - 2

# दिशाहीन दिशा

यात्रा वृत्त

## मोहन राकेश

**'दिशाहीन दिशा' यात्रा वृत्त के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें**

1 'दिशाहीन दिशा' किस विधा की रचना है?
(कहानी, कविता, निबंध, यात्रा वृत्त)

2 'दिशाहीन दिशा' यात्रा वृत्त का लेखक कौन है?
(प्रभात, मोहन राकेश, प्रेमचंद, विनोद कुमार शुक्ल)

3 मोहन राकेश के मन में यात्रा के बारे में सोचने पर किसके प्रति आकर्षण था?
(पहाड़ी इलाके के प्रति, शहर के प्रति, रेगिस्तान के प्रति, विशाल समुद्र तट के प्र

4 मोहन राकेश जी ने बहुत बार समुद्र तट के साथ–साथ एक लंबी यात्रा करना चाहा। लेकिन नहीं हो पाया। इसका क्या कारण है?
(बीमारी, पढ़ाई, समय और साधन की कमी, दोस्तों की मनाही)

5 कोवलम के संबंध में मोहन राकेश जी के मित्र की राय क्या है?
(सारी चीजें सस्ता मिलेगा, अनेक मंदिर है, एक बार पहुँच जाऊँ तो वहाँ से और कहीं जाने का मन नहीं होगा, बहुत बुरा जगह है)

6 कौन–सी जगह रहने, खाने की हर सुविधा बहुत थोड़े पैसे में प्राप्त हो सकती है?
(कन्याकुमारी में, गोआ में, शिमला में, कोवलम में)

7 मोहन राकेश जी का जन्म किस प्रकार के जगह में हुआ?
(समुद्र तट पर, घने शहर की छोटी सी तंग गली में, पर्वती इलाके में, जंगली इला

8 घर से चलते समय मोहन राकेश जी ने यात्रा के संबंध में कैसा निश्चय लिया?
(मुंबई से होता हुआ गोआ और वहाँ से कन्याकुमारी, सीधा कन्याकुमारी, पहले नीलगिरी पहाड़ियों में जाएँगे, पहले कोवलम जाएँगे)

9 अविनाश क्या करता था?

(सिनेमा में हीरो, हिंदी दैनिक का संपादक, नौका चलानेवाला, सिनेमा का गायक)

10 अविनाश ने भोपाल स्टेशन पर मोहन राकेश जी से बात करने की जगह क्या किया?

(गाना सुनाया, मिठाई खिलाया, बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंकने लगा, मोहन राकेश जी से बात करने लगा)

11 भोपाल में मोहन राकेश जी को लेकर अविनाश कहाँ गया?

(सिनेमा थिएटर, अपना घर, भोपाल ताल, होटल)

12 "कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हम में से कोई गा सकता" यह किसने कहा?

(मोहन राकेश, अब्दुल जब्बार, अविनाश, शिमला के दोस्त)

13 "अगर आप चाहे तो चंद गजलें तरन्नुम के साथ अर्ज कर सकूँ और माशा अल्लाह चुस्त गज़लें है।" यह किसका कथन है?

(मोहन राकेश, अविनाश, अब्दुल जब्बार, शिमला के दोस्त)

14 "बूढ़े मल्लाह ने एक गज़ल छेड़ दी" इस वाक्य में छेड़ने का मतलब क्या है?

(गाने लगा, चप्पू चलाने लगा, गाना मना करने लगा, बात करने लगा)

15 'काफ़ी देर चप्पू को छोड़े, वह झूम-झूमकर गज़लें सुनाता रहा।'- कौन?

(अविनाश, अब्दुल जब्बार, मोहन राकेश, दक्षिण भारत के दोस्त)

16 झील का विस्तार भी जैसे इतनी देर के लिए सिमट गया था, अब खुल गया। - राकेश जी का कहने का मतलब क्या है?

(वहाँ भोपाल ताल का अंतिम छोर आने लगा, अब्दुल जब्बार का गाना उन्हें बुरा लगा, अब्दुल जब्बार का गाना उनको अच्छा लगा, मोहन राकेश जी सोने लगा)

17 मिर्ज़ा गालिब कौन था?

(भोपाल ताल पर नौका खींचनेवाला, अब्दुल जब्बार का दोस्त, पत्रिका का संपादक, उर्दु कवि)

18 किसने अपना कोट उतारकर अब्दुल जब्बार की तरफ़ बढ़ा दिया?

(मोहन राकेश जी, अविनाश, दक्षिण भारत के दोस्त, शिमला के दोस्त)

**उत्तर**

1 यात्रा वृत्त

2 मोहन राकेश

3 विशाल समुद्र तट के प्रति

4 समय और साधन की कमी

5 एक बार पहुँच जाऊँ तो वहाँ से और कहीं जाने का मन नहीं होगा

6 गोआ में

7 शहर की छोटी सी तंग गली में

8 मुंबई से होता हुआ गोआ और वहां से कन्याकुमारी

9 हिंदी दैनिक का संपादन करता था

10 बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंकने लगा

11 भोपाल ताल

12 अविनाश

13 अब्दुल जब्बार

14 गाने लगा

15 अब्दुल जब्बार

16 अब्दुल जब्बार का गाना उनको अच्छा लगा

17 भोपाल ताल पर नौका खींचनेवाला

18 अविनाश

**निम्नलिखित प्रश्न पढ़ें और उत्तर लिखें।**

19 मोहन राकेश जी ने तुरंत यात्रा करने का निश्चय किया। क्यों?

20 दिल्ली के मित्र ने मोहन राकेश जी से गोआ के संबंध में क्या-क्या कहे?

21 मोहन राकेश जी को समुद्र तट के प्रति एक आत्मीय संबंध है, इसके पीछे का कारण क्या है?

22 घर से चलते समय लेखक ने क्या तय किया था?

23 लेखक भोपाल स्टेशन पुहुँचने पर उनका मित्र अविनाश ने क्या किया?

24 अब्दुल जब्बार कौन था और उनकी वेशभूषा कैसी थी?

25 चप्पू चलाते वक्त अब्दुल जब्बार की मांसपेशियाँ किस प्रकार थे?

26 सर्दी से बचने के लिए अविनाश ने अब्दुल जब्बार को क्या दिया?

27 वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।

(ग्यारह के बाद, रात को)

| |
|---|
| हम घूमने निकले। |
| हम लोग घूमने निकले। |
| ............................................ |
| ......................................................... |

28 संबंध पहचानें और आपस में जोड़ें।

(अविनाश, मोहन राकेश, अबदुल जब्बार)

क. घर से चलते समय कुछ निश्चय नहीं था कि कब, कहाँ, कितने दिन रहूँगा

ख. उसने बात करने की जगह मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया अ

खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया।

**उत्तर**

19 उन दिनों मोहन राकेश जी ने अपनी नौकरी छोड़ दी थी और पास में कुछ पैसे भी थे। इसलिए तुरंत यात्रा करने का निश्चय किया।

20 गोआ में खुला समुद्र तट है, प्रकृति अत्यंत सुंदर है। सबसे बड़ी बात यह है कि वहाँ जीवन बहुत सस्ता है।

21 मोहन राकेश जी का जन्म घने शहर की छोटी–सी तंग गली में हुआ था। इस प्रकार के तंग गली में जन्म लेने के कारण समुद्र–तट की विशालता के साथ उनका आकर्षण था।

22 घर से चलते समय लेखक ने तय किया कि मुंबई से होता हुआ गोआ चला जाऊँगा और वहाँ से कन्याकुमारी की ओर यात्रा प्रारंभ करूँगा।

23 भोपाल स्टेशन पर गाड़ी पहुँचने पर राकेश जी का मित्र अविनाश ने बात करने की जगह राकेश जी का बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और खुद मोहन राकेश जी के सूटकेस लिए ट्रेन से नीचे उतर आया।

24 अब्दुल जब्बार बूढ़ा मल्लाह था। वह सिर्फ एक तहमद पहना हुआ था। उसकी दाढ़ी के ही नहीं छाती के भी बाल सफेद हो चुके थे।

25 चप्पू चलाते वक्त अब्दुल जब्बार की मांसपेशियाँ इस तरह हिलती जैसे उनमें फौलाद भरा हो। वह झूम–झूमकर गाना गा रहा था।

26 सर्दी होने पर अविनाश ने अपना कोट उतारकर बूढ़े मल्लाह अब्दुल जब्बार को दिया। कोट पहन लेने को कहा।

27. हम घूमने निकले ।

हम लोग घूमने निकले ।

रात को हम लोग घूमने निकले ।

रात को ग्यारह के बाद हम लोग घूमने निकले ।

28 क. घर से चलते समय कुछ निश्चय ही नहीं था कि कब कहा कितने दिन रहूँगा। – मोहन राकेश

ख. उसने बात करने की जगह मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया। – अविनाश

29. **''दिशाहीन दिशा'' यात्रा विवरण के आधार पर तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें**

मोहन राकेश मुंबई से होता हुआ कन्याकुमारी पहुँचे।

मोहन राकेश को एक रात के लिए अविनाश के साथ रहना पड़ा।

मोहन राकेश सीधा कन्याकुमारी पहुँचा।

मल्लाह अब्दुल जब्बार अच्छी तरह ग़ज़लें गाता था।

अविनाश ने अपना कोट उतारकर बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार को दिया।

30. **'दिशाहीन दिशा' यात्रा विवरण के आधार पर संबंध पहचानें और लिखें।**

मोहन राकेश – एक हिंदी दैनिक का संपादक

अविनाश – भोपाल ताल का एक मल्लाह

अब्दुल जब्बार – यात्रा विवरण के लेखक, हिंदी साहित्यकार

31. **संबंध पहचानें और सही मिलान करें।**

उन दिनों नौकरी छोड़ दी – वहाँ जीवन बहुत सस्ता है

गोआ के संबंध में सबसे बड़ी बात है इसलिए समुद्र तट की लंबी यात्रा नहीं कर पाया।

समय और साधन साथ–साथ कभी नहीं रहते थे – इसलिए तुरंत चल देने का निश्चय कर लिया।

**उत्तर**

29. मोहन राकेश को एक रात के लिए अविनाश के साथ रहना पड़ा।

मल्लाह अब्दुल जब्बार अच्छी तरह ग़ज़लें गाता था।

अविनाश ने अपना कोट उतारकर बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार को दिया।

30. मोहन राकेश ......... यात्रा विवरण के लेखक, हिंदी साहित्यकार

अविनाश ...... एक हिंदी दैनिक का संपादक

अब्दुल जब्बार..... भोपाल ताल का एक मल्लाह

31. उन दिनों नौकरी छोड़ दी – इसलिए तुरंत चल देने का निश्चय कर लिया

गोआ के संबंध में सबसे बड़ी बात यह है वहाँ जीवन बहुत सस्ता है

समय और साधन साथ साथ कभी नहीं रहते थे – इसलिए समुद्र तट की लंबी यात्रा नहीं कर पाया

32. **सूचना: 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त के अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

भोपाल स्टेशन पर मेरा मित्र अविनाश, जो वहाँ से निकलने वाले एक हिंदी दैनिक का संपादन करता था, मुझ से मिलने के लिए आया था। मगर बात करने की जगह उसने मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया।

1 अविनाश कौन था?

2 अविनाश ने मोहन राकेश से बात करने की जगह क्या किया?

3 बंबई यात्रा के बीच मोहन राकेश को एक रात के लिए मित्र अविनाश के साथ रहना पड़ा। दोनों रेलवे स्टेशन से अविनाश के घर चले। दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

33. **सूचना: 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं नाव में लेटा उसकी तरफ़ देख रहा था। उस सर्दी में भी वह सिर्फ़ एक तहमद लगाए था। गले में बनीयान तक नहीं थी। उसकी दाढ़ी के ही नहीं छाती के भी बाल सफ़ेद हो चुके थे। जब वह चप्पू चलाने लगता तो उसकी माँसपेशियाँ इस तरह हिलतीं जैसे उसमें फौलाद भरा हो।

1 'उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था।' कौन?

2 चप्पू चलाते वक्त अब्दुल जब्बार के शरीर में क्या परिवर्तन होता था?

3 <u>उसकी</u> – में निहित सर्वनाम और प्रत्यय अलग करके लिखें।

4 अब्दुल जब्बार के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

## उत्तर (32)

1 अविनाश भोपाल से निकलनेवाले एक हिंदी पत्रिका का संपादक था।

2 अविनाश ने मोहन राकेश से बात करने की जगह उनका का बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और सूटकेस लेकर नीचे उतर गया।

3 मोहन राकेश : (गुस्से में) अरे! तू ने यह क्या कर दिया?

अविनाश : (हँसकर) मैं ने क्या किया?

मोहन राकेश : मुंबई के लिए टिकट लिया था। ऊपर की सीट भी मिली थी।

अविनाश : अरे, वह बात छोडो, एक दिन के लिए मेरे साथ यहाँ रहना।

मोहन राकेश : कई सालों से एक लंबी यात्रा की चिंता थी...फुरसत न मिली। अब नौकरी छोड़ दी और पास पैसे भी....

अविनाश : नौकरी छोड़ दी!

मोहन राकेश : हाँ, छोड़ना पड़ा। तेरा संपादन–कार्य ठीक से चलता है न?

अविनाश : हाँ, ठीक है।

**उत्तर** (33)

1 अब्दुल जब्बार

2 चप्पू चलाते वक्त अब्दुल जब्बार की माँसपेशियाँ फौलाद जैसे होता था।

3 वह + की = उसकी

4

## <u>मल्लाह अब्दुल जब्बार</u>

मोहन राकेश का यात्रा विवरण 'दिशाहीन दिशा' का एक प्रभावशाली पात्र है बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार। वह हमेशा प्रसन्न दिखाई पडनेवाला और सादा जीवन बितानेवाला व्यक्ति है। भोपाल–ताल का नाविक अब्दुल जब्बार दिन–रात मेहनत करता है। वह चप्पू चलाने लगता तो उसकी माँसपेशियाँ इस तरह हिलती जैसे उनमें फौलाद भरा हो । जब अविनाश ने गाना सुनने का आग्रह प्रकट किया तब बिना हिचक के तीन गज़लें छेड देता है। उसका गला काफ़ी अच्छा है। मोटे तौर पर खुशमिज़ाज (सदा प्रसन्न), विनयशील, गरीब, गज़लगायक अब्दुल जब्बार एक अविस्मरणीय पात्र है।

# इकाई -4

## इकाई आकलन

अंक: 20 समय: 45 min

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का अंश पढें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लि**

पशुचारकों के साथ उनकी भेड बकरियाँ, घोडे–खच्चर और कुत्ते भी होते हैं रास्ते में आनेवाले गाँवों से उनका लेन–देन भी होता रहता है। वे जानवरों के साथ साथ कीडाजडी, करण और चुरु जैसी दुर्लभ हिमालयी जडी व औषधियाँ भी बेचते हैं ।

1. <u>उनकी</u> में निहित सर्वनाम कौन–सा है?
   (क) वह (ख) वे (ग) यह (घ) ये (1)
2. ' हिमालयी जड़ीवूटी ' में विशेषण शब्द कौन सा है? (1)
3. वापस घर आनेवाले पशुचारकों के साथ क्या–क्या होते हैं ? (2)
4. पशुचारक और गाँववाले के बीच क्या–क्या लेन देन होते हैं ? (2)
5. एक गाँववाला और पशुचारक के बीच संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें । (4)

**सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रा विवरण का यह अंश पढें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

भोपाल स्टेशन पर मेरा मित्र अविनाश, जो यहाँ से निकलनेवाले एक हिंदी दैनिक का संपादन करता था, मुझसे मिलने के लिए आया था। मगर बात करने की जगह उसने मेरा बिस्तर लपेटकर खिडकी से बहर फ़ेंक दिया और खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर आया। इस तरह मुझे एक रात के लिए वहाँ रह जाना पडा।

6. लेखक का मित्र अविनाश क्या काम करता है?
   (क) टीचर (ख) संगीतकार (ग) सिनेमावाला (घ) संपादक (1)
7. अविनाश ने मोहन राकेशजी से बात करने की जगह क्या किया? (2)

8. उचित वाक्यांश चुनें और वाक्यों की पूर्ति करें । (3)

| | | |
|---|---|---|
| अविनाश | – | मेरा बिस्तर लपेटकर खिडकी से बाहर फेंका |
| मोहन राकेशजी को | – | भोपाल से निकलनेवाला हिंदी दैनिक का संपादक |
| बात करने की जगह | – | एक रात के लिए भोपाल रह जाना पडा। |

9. मोहन राकेशजी को एक रात के लिए भोपाल रहना पडा। इसका जिक्र करते हुए वे अपनी डायरी लिखते हैं। डायरी कल्पना करके लिखें । (4)

इकाई - 5
पाठ - 1

# बच्चे काम पर जा रहे हैं

कविता

**राजेश जोशी**

**'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के आधार पर सही विकल्प चुनकर लिखें।**

1 'बच्चे काम पर जा रहे हैं।' किस विधा की रचना है?

(क) कविता (ख) नाटक (ग) उपन्यास (घ) लेखनी

2 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' किसकी कविता है?

(क) हरिवंश राय बच्चन (ख) नागार्जुन (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) राजेश जोशी

3 कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे किसके लिए जा रहे हैं?

(क) खेलने के लिए (ख) काम के लिए (ग) बाज़ार जाने के लिए (घ) पढ़ने के लिए

4 हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति कौन-सा है?

(क) बच्चे खेलने जा रहे हैं (ख) बच्चे पढ़ने जा रहे हैं (ग) बच्चे काम पर जा रहे हैं

(घ) बच्चे घर जा रहे हैं

5 'बच्चे काम पर जा रहे हैं'- कवि के अनुसार इसे किस तरह लिखा जाना चाहिए?

(क) विवरण की तरह (ख) सवाल की तरह (ग) टिप्पणी की तरह (घ) कहानी की तरह

6. 'मकान' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन सा है?

(क) मदरसा (ख) इमारत (ग) दीमक (घ) खिलौना

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

7. सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन को क्या हो गया?

8. बच्चे काम पर जा रहे हैं।

(बच्चे के स्थान पर बच्चा का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।)

9. 'भयानक पंक्ति'- इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है?

10. हस्बमामूल का मतलब क्या है?

**उत्तर**

1. कविता
2. राजेश जोशी
3. काम के लिए
4. बच्चे काम पर जा रहे हैं
5. सवाल की तरह
6. इमारत
7. एकाएक खत्म होए हैं
8. बच्चा काम पर जा रहा है
9. भयानक
10. मामूल के मुताबिक

**उत्तर लिखें**

11. ये आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।
    (क) बड़े सबेरे ही बच्चे कोहरे से ढँकी सड़क पर काम के लिए जा रहे हैं।
    (ख) यह तो कितना भयानक होता है कि इस दुनिया में बच्चों के मनोरंजन के लिए कुछ भी बचा नहीं है।
    (ग) दुनिया की हज़ारों सड़कों से जाते वक्त बहुत ही छोटे-छोटे बच्चे काम के लिए जा रहे हैं।

12 वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। (सड़क पर, बच्चे)

काम पर जा रहे हैं।

--------------------

------------------------

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं।

13. सही मिलान करें।

| | | |
|---|---|---|
| सारे खिलौने | – | अंतरिक्ष में गिर गई हैं क्या? |
| सारी गेंदें | – | किसी भूकंप में ढह गई हैं क्या? |
| सारे मदरसों की इमारतें | – | दीमकों ने खा लिया है क्या? |
| सारी रंग–बिरंगी किताबों को | – | काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं क्या? |

**उत्तर**

11. (क) कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं।

सुबह – सुबह

बच्चे काम पर जा रहे हैं।

(ख) तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में ?

कितना भयानक होता अगर ऐसा होता

(ग) पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए

बच्चे, बहुत छोटे–छोटे बच्चे

काम पर जा रहे हैं।

12.

| |
|---|
| काम पर जा रहे हैं। |
| बच्चे काम पर जा रहे हैं। |
| सड़क पर बच्चे काम र जा रहे हैं। |
| कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं। |

13.

| | | |
|---|---|---|
| सारे खिलौने | – | काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं क्या? |
| सारी गेंदें | – | अंतरिक्ष में गिर गई हैं क्या? |
| सारे मदरसों की इमारतें | – | किसी भूकंप में ढह गई हैं क्या? |
| सारी रंग–बिरंगी किताबों को | – | दीमकों ने खा लिया है क्या? |

**उत्तर लिखें ।**

14. बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं ?
15. ' हमारे समय के सबसे भयानक पंक्ति है यह '– ऐसा क्यों कहा गया है ?
16. बातों को सवालों की तरह लिखा जाने से क्या फायदा है ?
17. ' क्या किसी भूकंप में ढह गई है सारे मदरसों की इमारतें '– इन पंक्तियों द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?
18. ' सारी चीजें हस्बमामूल होना तो ज्यादा भयानक है। कवि क्यों ऐसा सोचते हैं ?
19. कविता में किस सामाजिक समस्या की चर्चा है ?

**उत्तर**

14. भूख और गरीबी की वजह से ही कुछ बच्चे अपने बचपन से वंचित रह जाते हैं । उन्हें काम करके अपना घर संभालना पड़ता है या कुछ अन्य कारणों से काम करना पड़ता है ।
15. बच्चों का काम पर जाना हमारे सामने की एक सामाजिक समस्या है । पढ़ने और खेलने के बजाय इन बच्चों को काम करके अपना घर संभालना पड़ता है । हमारे समय की यह एक भयानक स्थिति है क्योंकि उनके यह काम करने की उम्र ही नहीं है।
16. बच्चे काम पर जा रहे हैं –इसे सामान्य मान कर लिखें तो और भी भयानक होगा । कवि की राय में इस बात को सवाल की तरह प्रस्तुत करना है जबकि लोगों का ध्यान इस तरफ़ हो जाएगा और इसका समाधान ढूँढेगा।
17. बचपन खेलने, पढ़ने तथा चरित्र निर्माण का समय है। लेकिन गरीबी के कारण बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ कर काम पर जा रहे हैं । बच्चों की ऐसी हालत देखकर कवि पूछते हैं क्या सारे मदरसों की इमारतें किसी भूकंप में ढह गई है ?
18. बच्चों का काम पर जाना आज एक सामान्य सी बात बन गई है । बालश्रम कानूनी अपराध होने पर भी, यह सामान्य रूप से चल रहा है ।

19. बचपन तो पढ़ने, खेलने– कूदने एवं मनोरंजन का समय है ।लेकिन गरीबी के कारण कुछ बच्चे काम के लिए जा रहे हैं। बच्चों का काम पर जाना एक सामाजिक समस्या है। कविता में इसकी चर्चा कर रही है।

20 बचपन से वंचित कई बच्चे हैं। उनकी मदद करना हमारी भी ज़िम्मेदारी है। बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।

**बालश्रम रोको, बालश्रम अपराध है**

हर बच्चे का अपना–अपना हक है, आज का बच्चा कल का नागरिक है।

सब बच्चे

पढ़ें | खेलें | बढ़ें

इन हकों से वंचित बच्चों को बचाना हमारा कर्तव्य है

21 कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें।

"क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदें  
क्या दीमकों ने खा लिया है  
सारी रंग–बिरंगी किताबों को  
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे  
खिलौने  
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं  
सारे मदरसों की इमारतें "

श्री राजेश जोशी हिंदी के आधुनिक कवियों में प्रमुख हैं। आपकी एक प्रसिद्ध कविता है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं'। प्रस्तुत कविता में सामाजिक सच्चाई की झलक मिलती है।

छोटे–छोटे बच्चे पढ़ने के बजाय काम के लिए जा रहे हैं । इस भयानक दृश्य देखकर कवि पूछते हैं कि क्या सारी गेंदें अंतरिक्ष में गिर गई हैं ? रंग– बिरंगी किताबों को दीमकों ने खा लिया क्या ? क्या सारे खिलौने काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं ? क्या सारे मदरसों की इमारतें भूकंप में ढह गई हैं ? गेंदें, खिलौने, किताबें स्कूल की इमारतें बच्चों के मनोरंजन एवं मानसिक विकास के साधन हैं । इन सब से ये बच्चे वंचित रहे हैं ।

बच्चों को पढ़ने की सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है।

16 "बच्चे काम पर जा रहे हैं ।" कविता के निम्नलिखित पंक्तियों का आशय लिखें

"क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में ?
कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल"

श्री राजेश जोशी आधुनिक हिंदी कवियों में प्रमुख है। 'बच्चे काम पर जा रहे हैं ' अ
एक प्रसिद्ध कविता है। इसमें बालश्रम के विरुद्ध आवाज़ उठाई है।

बड़े सबेरे ही काम पर चलने वाले बच्चों को देखकर कवि सोचते हैं कि क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन नष्ट हो गए हैं। इसलिए बच्चे काम पर जा रहे हैं फिर इस दुनिया में क्या बचा है ? यह कितना भयानक स्थिति है ? भयानक होने पर भी छोटे–छोटे बच्चे अब काम के लिए जा रहे हैं । यह तो एक मामूली बात बन गई है

बालश्रम कानूनी अपराध होने पर भी कुछ बच्चे काम करने के लिए विवश हो गए हैं ।उन्हें पढ़ने का अवसर प्रदान करना सबका दायित्व है।

इकाई - 5
पाठ - 2

# गुठली तो पराई है

कहानी

## कनक शशी

**' गुठली तो पराई है ' कहानी के आधार पर सही विकल्प चुनकर लिखें ।**

1. ' गुठली तो पराई है ' किस विधा की रचना है?

   (क) उपन्यास, (ख) नाटक (ग) कहानी (घ) कविता

2. ' गुठली तो पराई है ' किसकी कहानी है?

   (क) निराला (ख) प्रभात (ग) कनक शशि (घ) प्रेमचंद

3 बुआ से बातें करना किसको खास पसंद नहीं है?

   (क) माँ को (ख) बाबूजी को (ग) भैया को (घ) गुठली को

4 ' नसीहत '– शब्द का अर्थ क्या है?

   (क) प्यार (ख) उपदेश (ग) स्नेह (घ) नसीब

5 ' ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर? '– यहाँ 'अपना घर' से क्या तात्पर्य है?

   (क) पिता का घर (ख) भाई का घर

   (ग) पति का घर (घ) बहन का घर

6 "लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे"– यहाँ रखेंगे क्रिया का सीधा संबंध वाक्य के कि
शब्द के साथ है?

   (क) नाम (ख) लोग (ग) माँ (घ) तेरी

7 बुआ के अनुसार लड़कियाँ दूसरे घर की ------ है।

   (क) मेहमान (ख) अमानत (ग) नौकरानी (घ) दासी

8 'अमानत' का मतलब क्या है ?

   (क) आकाश (ख) साधन (ग) संपत्ति (घ) घर

9 "चौदह की हो गई पर अकल नहीं आई छोरी को"– किसने किसके बारे में कहा?

(क) गुठली ने बुआ के बारे में (ख) माँ ने गुठली के बारे में (ग) बुआ ने दीदी के बारे में (घ) बुआ ने गुठली के बारे में

10 " ये दिन फिर लौटके नहीं आनेवाले हैं इन्हें जी भर के जी ले।"–यहाँ किस समय की सूचना है?

(क) बुढ़ापा (ख) बचपन (ग) भविष्य (घ) यौवन

11 किसकी बातों से गुठली और भी हताश हो गई?

(क) बुआ की (ख) ताऊजी की (ग) नूक्कट (घ) माँ की

12 घर में किसकी शादी की तैयारियाँ चल रही हैं ?

(क) मामा की (ख) भैया की (ग) बुआ की (घ) दीदी की

13 शादी के समय गुठली बहुत खुशी में थी, क्यों ?

(क) स्कूल न जाना था। (ख) कोई रोक–टोक नहीं थी। (ग) बर्तन नहीं माँझना था। (घ) कपड़ा न धोना था।

14 शादी का कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया क्यों ?

(क) कार्ड में माँ का नाम नहीं था। (ख) कार्ड में भाई का नाम नहीं था। (ग) कार्ड में गुठली का नाम नहीं था। (घ) कार्ड में बुआ का नाम नहीं था।

15 ' मुँह उतर गया ' – मतलब क्या है?

(क) उदास हो गई। (ख) खुश हो गई। (ग) नाराज़ हुई। (घ) कुपित हुई।

16 शादी के कार्ड पर किसने गुठली का नाम लिख दिया?

(क) बुआ ने (ख) माँ ने (ग) ताऊ ने(घ) भैया ने

17 गुठली चुप रहने वालों में से नहीं है– इसका तात्पर्य क्या है?

(क)घर में होते अन्याय सहनेवाली है।(ख) लड़की होने से चुप रहनेवाली है।

(ग) घर में होते अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठानेवाली है। (घ) गुठली सोने की चिंता में है।

18 “सब कुछ कितना ऊटपटाँग है”– इस वाक य का मतलब क या है?
(क) यहाँ सारी बातें सीधी चल रही है। (ख) यहाँ सारी बातें क्र म से चल रही है।
(ग) यहाँ सारी बातें बिना क्र म के चल रही है। (घ) यहाँ सारी बातें उि चत चल रही है
19 ' उसे ' में निहित सर्व नाम कौन–सा है?
(क) वह (ख) वे (ग) यह (घ) ये
20 सही विकल प चुनकर िलखें ।
(क) मैं + की = मेरा (ख) मैं + को= मेरा (ग) मैं + का= मेरा (घ) मैं + के= मे
21 ' गुठली तपाक से बोली '– यहाँ तपाक शब द का अर्थ क या है?
(क) धीरे (ख) जल दी (ग) कुिपत (घ) मीठे
22 " गुठि लया अपने नानू को खाना नहीं दिया"–– यह किसने पूछा?
(क) पापा ने (ख) ताऊजी ने (ग) भैया ने (घ) ताई जी ने

**उत तर**

1. कहानी
2. कनक शि श
3. गुठली को
4. उपदेश
5. पि त का घर
6. लोग
7. अमानत
8. संपि ि त
9. बुआ ने गुठली के बारे में

10. बचपन
11. माँ की
12. दीदी की
13. कोई रोक– टोक नहीं थी।
14. कार्ड में गुठली का नाम नहीं था।
15. उदास हो गई।
16. माँ ने
17 घर में होते अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने की चिंता में है।
18. यहाँ सारी बातें बिना क्रम के चल रही हैं ।
19. वह
20. मैं + का = मेरा
21. जल्दी
22. भैया

**'गुठली तो पराई है' कहानी के आधार पर उत्तर लिखें**

23. बुआ की राय में लड़कियों का अपना घर कौन–सा है ?
24. गुठली की राय में अपना घर कौन–सा है ?
25. "बचपना है दीदी समझ जाएगी"– माँ ने ऐसा किसके बारे में कहा ?
26. गुठली गुस्से के साथ उदास भी हो गई। क्यों ?
27. " देखिए भैया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ? "– गुठली के इस प्रश्न का ताऊ ने क्या उत्तर दिया ?
28. मनहूसियत फैलाना– इसका मतलब क्या है ?
29. शादी के पहले भैया को दीदी क्या कहकर बुलाती थी ?

**उत्तर**

23 ससुराल

24. जिस घर में वह पैदा हुई है वही अपना घर है।

25. गुठली के बारे में

26. माँ को बुआ का साथ देता देख गुठली गुस्से के साथ उदास भी हो गई।

27. घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपता।

28. खराब वातावरण पैदा करना।

29. नकटू

**उत्तर लिखें**

30 कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरामिड़ की पूर्ति करें। (गुठली, माँ की ब

| |
|---|
| हताश हो गई। |
| और भी हताश हो गई। |
| ..................................... |
| .......................................... |

31 वाक्य पिरामिड़ की पूर्ति करें।

| |
|---|
| निहारने लगी। |
| ..................................... |
| .......................................... |
| गुठली खिड़की से बगीचे को निहारने लगी। |

32. " यूँ तो बड़ी बुआ गुठली को अच्छी लगती है पर उनसे बात करना उसे कुछ खास पसंद नहीं " – क्यों ?

33. "अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है" –बुआ गुठली से ऐसा क्यों कहती है ?

34. "ये दिन फिर लौट के नहीं आनेवाले हैं इन्हें जी भर के जी ले"– माँ गुठली से ऐसा क कहती है ?

35. लगा जैसे उसके पैरों के नीचे से ज़मीन खींच ली गई हो। गुठली को ऐसा क्यों लगता है?

36. दीदी की शादी के कार्ड पर गुठली का नाम नहीं छपा, क्या आप इस सामाजिक व्यव से सहमत है ? क्यों ?

37 सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

(क) दीदी की शादी के कार्ड पर गुठली का नाम छपा।

(ख) गुठली लड़का–लड़की भेदभाव को न सहनेवाली है।

(ग) बुआ की राय में समाज पुरुष प्रधान होता है।

(घ) गुठली लड़का–लड़की भेदभाव को सहनेवाली है।

(ड) गुठली माँ को बहुत मानती थी।

38 सही मिलान करें ।

बड़ी बुआ से बातें करना – कार्ड पर नहीं छपता।

गुठली का नाम – गुठली और भी हताश हो गई।

माँ की बातों से – गुठली को खास पसंद नहीं ।

**उत्तर**

30

हताश हो गई।

और भी हताश हो गई।

गुठली और भी हताश हो गई।

माँ की बातों से गुठली और भी हताश हो गई।

31 निहारने लगी।
बगीचे को निहारने लगी।
खिड़की से बगीचे को निहारने लगी।
गुठली खिड़की से बगीचे को निहारने लगी।

32 बड़ी बुआ हमेशा गुठली को उपदेश देती रहती है। हर बात में मनाही करती रहती है। कहती है कि लड़कियाँ पराए घर की अमानत है। इसलिए गुठली बुआ से बात करना खास पसंद नहीं करती।

33 बुआ की राय में समाज पुरुष प्रधान होता है। लड़कियों को अपने घर में कोई स्थ है। वह पराए घर की अमानत है। शादी के बाद वह ससुराल जाएगी। तब पति का घर ही अपना घर बनेगा।

34 माँ की राय में शादी के बाद लड़कियों का दायित्व बढ़ जाता है। उसे अपने ससुराल के हित के अनुसार जीना पड़ता है।

35 बुआ की राय में लड़कियाँ पराए घर की अमानत है। लेकिन गुठली का विश्वास था कि माँ अपने पक्ष में होगी। माँ भी बुआ का साथ दिया तो गुठली और भी हताश हो गई। लगा जैसे उसके पैरों के नीचे से ज़मीन खींच ली गई हो।

36 मैं इस सामाजिक व्यवस्था से सहमत नहीं हूँ। हमारे संविधान में लड़का और लड़की दोनों का समान अधिकार और अवसर है। ऐसा भेद-भाव करना ठीक नहीं है।

37 (क) गुठली लड़का-लड़की भेद-भाव को न सहनेवाली है।
(ख) बुआ की राय में समाज पुरुष प्रधान होता है।
(ग) गुठली माँ को बहुत मानती थी।

38 बड़ी बुआ से बातें करना – गुठली को खास पसंद नहीं।
गुठली का नाम – कार्ड पर नहीं छपता।
माँ की बातों से – गुठली और भी हताश हो गई।

39 ' गुठली तो पराई है ' कहानी का यह अंश पढ़कर और तालिका से उचित विकल्प चुनकर वार्तालाप की पूर्ति करें ।

यूँ तो बड़ी बुआ गुठली को अच्छी लगती हैं पर उनसे बात करना उसे कुछ खास पसंद नही। वैसे बातें अगर खाने की या उनके बचपन की हो तो ठीक है, पर नसीहतें ....उफ़!!;" ऐसा मत करो "ऐसे पट–पट मत बोलो", "ऐसे धम–धम मत चलो..." एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया, "क्यों?" तो बस शुरू हो गई, "अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं। ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर ?

| | | |
|---|---|---|
| ससुराल ही तेरा असली घर होगा। | ऐसे पटपट मत बोलो। | अपना घर? यही तो मेरा घर है। |
| क्या सिखाना है? | नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। | यही तो मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई। |
| बुआ, क्यों बुला रही है ? | | |

बुआ : गुठली ,ओ गुठली...

गुठली : ---------------------?

बुआ : ---------------, धम धम मत चलो।

गुठली : क्यों ?

बुआ : अरी लोग-----------------।

गुठली : माँ को क्यों ?

बुआ : कहेंगे कुछ सिखाया नहीं ।

गुठली :-----------------?

बुआ : क्या तू ऐसे ही करेगी अपना घर जाकर ?

गुठली :-------------? ----------।

बुआ : अरी बेवकूफ़ यह घर तो पराया है तेरे लिए ................................. ।

गुठली : वह कैसे? ----------------------।

40 गुठली का नाम दीदी की शादी के कार्ड पर नहीं छपा। गुठली उदास हो गई। वह अपने म की बातें सहेली को बताना चाहती है। सहेली के नाम गुठली का पत्र कल्पना करके लिखें

स्थान

तारीख

प्रिय मीनू

तुम कैसी हो? पढ़ाई कैसी चल रही है? मुझे कुछ खास बात बतानी है। घर में आज भी मेरा अपमान हुआ।

दीदी की शादी के कार्ड पर मेरा नाम नहीं छपवाया। लेकिन भैया के छोटे बच्चे का भी नाम उस पर है। क्या मैं लड़की होने से? लड़की होना इतनी बुरी बात है? लड़की होने के नाते हकों से वंचित होना उचित नहीं है। हमारा संविधान लड़के-लड़कियों को समान अधिकार और अवसर देता है। लेकिन बुआ की राय में लड़कियों को कोई हक नहीं है, वे पराए घर की अमानत है। आगे तो मैं ऐसी व्यवहार सह नहीं सकती। हम लड़कियों को भी अपने घर और सभी जगहों में समान अधिकार मिलना है। मीनू इसमें तेरी राय क्या है? तेरे जवाब की प्रतीक्षा में .......

तुम्हारी सहेली

(हस्ताक्षर)

गुठली

सेवे में

नाम

पता

41. **कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर गुठली के उस दिन की डायरी लिखें।**

सुबह गुठली उठी और समय से काफ़ी पहले ही स्कूल के लिए तैयार हो गई। और खिड़की से बगीचे को निहारने लगी। तभी पाप आए और बोले, " बेटा आज पौधों को पानी नहीं पिलाया क्या?" "नकटू... मतलब भैया से कहो। यह सब उसी का है, तो वही करे..... वैसे भी मैं तो पराया धनूँ.ह" गुठली तपाक से बोली।

स्थान

तारीख

आज मैं बहुत खुशी में ..... । घरवाले हमेशा मुझे पराए घर की अमानत ही मानते। आज मैं ने उनसे कहा कि मैं इस घर का मेहमान हूँ। मेहमानों से काम करवाना कुछ अच्छी बात नहीं .... सब मुँह बाए मेरी तरफ देख रही। कोई भी कुछ बोल न सके। यह भी तय किया कि पढ़-लिखके बड़ी बनूँगी। इन लोगों के सामने दिखाऊँ कि लड़कियाँ भी लड़कों के समान कार्य करने में सक्षम है.....

42 'गुठली तो पराई है' कहानी के आधार पर गुठली का चरित्र चित्रण लिखें।

**गुठली तो पराई नहीं अपनी है**

श्रीमति कनक शशि की 'गुठली तो पराई है' कहानी का मुख्यपात्र गुठली एक साहसी लड़की है। समाज में व्याप्त लड़का- लड़की भेद-भाव वह सह नहीं सकती। बुआ की नसीहतों से वह सहमत नहीं। दीदी की शादी के कार्ड पर केवल उसका नाम नहीं छपती भैया के छोटे बच्चे का भी नाम है। घरवाले तो उसे पराए घर की अमानत मानती है। तो इन सब के खिलाफ आवाज़ उठाती है। सभी से कहती है कि वह मेहमान है और मेहमानों से काम करवाना उचित नहीं है। गुठली आजकल की लड़कियों की प्रतिनिधि है।

43 लड़का- लड़की भेदभाव समाज का अभिशाप है। इसके विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें

जनवरी 24

**राष्ट्रीय बालिका दिवस**

लड़का-लड़की में भेद भाव न हो

**बेटियाँ ईश्वर का उपहार, मत छीनो इनका अधिकार**

बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ

बेटी है तो कल है

**पढ़ी-लिखी नारी, हर घर की उजियारी**

# इकाई आकलन

## इकाई 5

अंक: 20 समय: 45 min

**सूचना: 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गुठली बोली, " अपना घर ? यही तो है मेरा घर ,जहाँ मैं पैदा हुई हूँ" बुआ हँस के बोली, "अरी बेवकूफ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है।ससुराल ही तेरा असली घर होगा। जैसे देख, पैदा तो मैं भी इसी घर में हुई थी, पर अब तेरे फूफा जी का घर ही मेरा घर है। कुछ समझी ? ”

1 "तेरा" इसमें निहित सर्वनाम कौन सा है ? (1)

(तू, तुम, हम, मैं )

2. लड़कियों को और किसी की अमानत क्यों कहा गया है ? (2)

3. प्रस्तुत पाठ भाग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

**सूचना: 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का अंश पढ़ें नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह–सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?

4 बच्चे काम पर कब जा रहे हैं ? (1)

(शाम को, रात में , सुबह–सुबह, दोपहर को)

5 कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। (सबसे, हमारे समय की) (2)

पंक्ति है।

भयानक पंक्ति है।

.......................................

.........................................

6 कवि और कविता का परिचय देते हुए कविताांश का आशय लिखें। (3)

**सूचना: 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए। गुठली बड़ी उत्सुक थी। जैसे–तैसे पूजा–पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे....अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे– से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा .....।"

7 कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया, क्यों? (1)

8 सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (2)

(क) दीदी की शादी के कार्ड छपके आए।

(ख) शादी के कार्ड पर गुठली का नाम है।

(ग) शादी के कार्ड पर भैया के छोटे बेटे का भी नाम है।

(घ) कार्ड देखकर गुठली बहुत खुशी में थी।

9. प्रस्तुत घटना के आधार पर गुठली के उस दिन की डायरी लिखें। (4)